भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4266

29 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत

हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड

4266. श्री एंटो एन्टोनी:

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हिन्दुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) को केरल सरकार को सौंप दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसकी निबंधन और शर्तों सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एचएनएल के कार्यकरण में केंद्र सरकार की कोई भूमिका है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ड.) क्या सरकार ने इस इकाई के पुनरुद्धार के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

भारी उद्योग राज्य मंत्री

(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) से (ख) : नेशनल कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी), कोच्चि ने 29.01.2021 को हुई सुनवाई में हिंदुस्तान न्यूजप्रिंट लिमिटेड (एचएनएल) के लिए केरल औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम (केआईएनएफआरए) द्वारा प्रस्तुत संकल्प योजना को मंजूरी दी। अनुमोदित समाधान योजना में गोइंग कंसर्न के रूप में एचएनएल के अधिग्रहण के लिए व्यवसाय योजना अभिकल्पित है जिसका प्रस्तावित व्यय 145,60.17 लाख रुपये है।

(ग) : जी नहीं। परिसमापन कार्यवाही शुरू होने के बाद एचएनएल के कामकाज में भारत सरकार की कोई भूमिका नहीं है।

(घ) : प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) : जी नहीं। सरकार ने एचएनएल के पुनरुद्धार के लिए कोई वित्तीय सहायता नहीं दी है।

***